प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 5 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं। वहीं दोनों पक्षों की ओर से आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाएं करेंगे। वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बावा हरदीप सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। जबकि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर से विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत स्वाहल, बजूरी, पांडवी, लंबलू और लाहलड़ी में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

सम्पूर्णता अभियान

नीति आयोग ने कल पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों और एक सौ 12 आकांक्षी जिलों के 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों के लिए एक राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान शुरू किया। तीन महीने तक चलने वाले इस व्यापक अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा सहित कई विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। सितम्बर महीने तक चलने वाले इस अभियान में चयनित लोगों के प्रतिनिधियों के साथ जिला और ब्लॉक अधिकारी ग्राम सभाओं, नुक्कड नाटक, आहार मेला, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, पोस्टर निर्माण और कविता प्रतिस्पर्धा सहित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इधर प्रदेश के आकांक्षी ज़िला चंबा में भी इस अभियान की शुरूआत की गई।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कल सिरमौर ज़िला के मेधावी विद्यार्थियों को शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया। नाहन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न स्कूलों के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 सौ 98 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक–एक राजीव गांधी मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे और 18 विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे स्कूलों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

अमरनाथ यात्रा

प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा के लिए 7 हजार 919 तीर्थ यात्रियों का 7वां जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री आज सुबह दो सौ उनसठ काफिलों में आधार शिविर से रवाना हुए। इनमें 5 हजार 2 सौ 41 पुरुष, एक हजार 4 सौ 35 महिलाएं, 16 बच्चे, 2 सौ 14 साधु और 13 साध्वियां शामिल हैं। इनमें से 2 हजार 5 सौ 42 बालटाल के लिए, जबकि 4 हजार 3 सौ 77 पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए जहां से वे पवित्र गुफा की यात्रा के लिए आगे बढ़ेंगे।

मौसम

हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता जारी है। बीती रात प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में वर्षा हुई। भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन से कई सड़कों व वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई हैं और एक सौ 15 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इसके अलावा 2 सौ 12 ट्रांसफार्मर भी खराब पड़े हैं। भारी बारिश के कारण नदी–नाले भारी उफान पर हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में 9 जिलों शिमला, सोलन, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, चंबा, मंडी जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 10 जुलाई तक येलो अलर्ट रहेगा। तीन जिलों मंडी, सिरमौर और शिमला जिला में फ्लैश फ्लड की चेतावनी भी जारी की गई है। एडवाइजरी जारी कर लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है ज्वालामुखी के अधवाणी व नादौन में ईडी के छापे। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है अब नादौन के तीन कारोबारियों पर आईटी की रेड–एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री के गृह जिला में दूसरी छापामारी। दैनिक जागरण के मुताबिक दो क्रशर मालिकों व रिजार्ट मालिक के प्रतिष्ठानों पर दबिश।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है देहरा के विकास का पैसा होशियार ने रिजॉर्ट बनाने मे ंलगाया।

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से दैनिक जागरण ने सुर्खी दी है पीडब्ल्यूडी व एन.एच.ए.आई की लापरवाही से एक भी जान गई तो होगी कार्रवाई। दैनिक भास्कर के शब्द हैं सड़कों, नदियों व नालों का रख–रखाव ठीक नहीं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। दिव्य हिमाचल के अनुसार एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी।

रानीताल के पास बना प्रदेश का सबसे महंगा टोल प्लाजा शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है अब धर्मशाला–शिमला आना–जाना पड़ेगा महंगा, 300 रूपए तक देना पड़ सकता है टोल।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है मूसलाधार बारिश से सड़कों पर आया मलबा, 115 सड़कें बंद। आपका फैसला के शब्द हैं हिमाचल में बारिश से 120 सड़कें बंद व 215 बिजली के ट्रांसफार्मर बाधित। पंजाब केसरी के मुताबिक शिमला में फिर पेड़ गिरने शुरू, मंडी में कई जगह तबाही।